## मनीष जायसवाल ने लोकसभा में ली सांसद पद की शपथ



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** 18वीं लोकसभा में सांसदों का शपथ लोकसभा के प्रथम सत्र शुरुआती दिन सोमवार को हुआ। जिसमें सबसे पहले पीएम मोदी और फिर उनके मंत्रिमंडल में शामिल लोकसभा सदस्यों ने शपथ ली। इसके बाद अलग-अलग राज्यों के सांसदों ने सपथ लिया। शपथ ग्रहण के दौरान झारखंड राज्य के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल अपने सादगी और साफगोईपूर्ण अंदाज में नजर आये। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा की टिकट से चुनाव जीतकर निर्वाचित हुए सांसद मनीष जायसवाल ने अपने शपथ की शुरूआत 'मैं मनीष ब्रजकिशोर जायसवाल ईश्वर की शपथ लेता हूं ...' से किया। उन्होंने अपने नाम के साथ अपने आदर्श पिता ब्रजकिशोर जायसवाल का नाम लेकर उनका सम्मान बढ़ाया। शपथ लेने के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग लोकसभा की जनता-जनार्दन ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उसपर मैं भी जनता की आशाओं व आकांक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित और सशक्त हजारीबाग' के विजन को साकार बनाने के लिए कटिबद्ध रहूंगा।

## मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बैठक



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान संज्ञान में आये मतदाता सूचि में त्रुटियों का निराकरण और आगामी विधानसभा चुनाव में स्वच्छ मतदाता सूची के साथ शत प्रतिशत मतदान कराने हेतू एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण कार्य 25 जून 2024 से किया जाना है। इस कार्य को पारदर्शिता,स्वच्छता के साथ बीएलओ और पर्यवेक्षक के सहयोग से किया जायेगा। इस हेतू सोमवार को प्रखंड सभागार में बीएलओ और पर्यवेक्षक के साथ बैठक कर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई इस अभियान के दौरान बीएलओ द्वारा घर घर सर्वे कर मतदाता सूची में नाम जोडने,मतदाता सूची में प्राप्त त्रुटि यथा मृत मतदाता,स्थायी रुप से बाहर रहने वाले मतदाता,एक से अधिक मतदाता सूची में किसी मतदाता का नाम को एक जगह से हटाना,ब्लैक और व्हाइट फोटो को कलर फोटो से प्रतिस्थापित करने सहित निर्वाचन संबधी प्राप्त अन्य निदेर्शों के बारे में जानकारी देते हुए ससमय कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान बैठक में सभी बीएलओ और पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## इचाक में हत्या की घटना की मेहता कुशवाहा विकास मंच ने की निंदा


**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरहा निवासी राहुल कुमार और उनकी पत्नी पूजा यादव को राहुल के पिता ईश्वर मेहता और भाई दोनों लोगों ने साथ मिलकर हत्या कर दिया और शव को परासी श्मशान घाट में जला दिया। इस जघन्य अपराध को मेहता कुशवाहा विकास मंच ने निंदा किया है। मेहता कुशवाहा विकास मंच ने एक बैठक बुलायी जिसमें उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्य गण प्रशासन से आग्रह किया गया कि ऐसे निर्मम अपराध के द्वारा किए गए लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिया जाए, ताकि समाज में ऐसी घटना का पूर्णवृति ना हो। यह भी निर्णय लिया गया कि मेहता कुशवाहा विकास मंच दोनों अपराधी पिता एवं पुत्र को बहिष्कृत करता है। बैठक में जयनारायण प्रसाद मेहता अध्यक्ष, सरोज कुमार मेहता सचिव, लखन कुमार मेहता पूर्व सचिव, अर्जुन प्रसाद मेहता पूर्व सचिव, दामोदर प्रसाद मेहता उपाध्यक्ष, अजय कुमार मेहता सलाहकार, राम मेहता सदस्य, दिलीप कुमार पूर्व उपाध्यक्ष, शंभू मेहता, धनुषधारी मेहता संगठन सचिव आदि उपस्थित थे।

## हजारीबाग में दो दिवसीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का होगा आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग डिस्टिक राइफल एसोशियन 29 और 30 जून को हजारीबाग प्रमंडल मुख्यालय में डिस्ट्रिक रायफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसका समापन 1 जुलाई को पारितोषित वितरण के साथ होगा। सारे कार्यक्रम एसोसियेशन के फायरिंग रेंज, कर्जन ग्राउंड स्टेडियम में संपत्र होंगे। जानकारी देते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश रंजन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 29 जून के दोपहर डीजीपी अजय कुमार सिंह के द्वारा होगा। वे भाग ले रहे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ायेंगे। खेल के प्रति राज्य सरकार का विशेष ध्यान है। नौकरियों में शूटरों को प्राथमिकता है। डिस्टिक लेबल पर अच्छे खिलाड़ी प्रदर्शन के आधार पर आयेंगे तो वे स्टेट लेबल पर होनेवाली प्रतियोगिता में खेलने के लिये अधिकृत होंगे। 1 जुलाई को समापन समारोह में पारितोषिक वितरण मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन दास और विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर राजेश करैल हजारीबाग एनसीसी ग्रुप तथा समाजसेवी मुत्रा सिंह के हाथों संपत्र होगा। प्रेस वार्ता में अध्यक्ष राकेश रंजन, महासचिव नीलेंदु जयपुरियर, उपाध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, मार्गदर्शक शत्रुघ्न पांडेय, सुब्रोतो राय आदि उपस्थित थे।

## जल मीनार खराब होने से ग्रामीण परेशान



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत ग्राम महुदी राणा टोला में शिव मंदिर के सामने चापानल एवं जल मीनार खराब हो जाने के कारण ग्रामीणों को पानी पीने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इस संबंध में त्रिभुवन महतो सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि बनाए गए जल मीनार खराब हो जाने के कारण ग्रामीण पानी पीने के लिए तड़प रहे हैं। पानी इधर-उधर से लाकर अपने घरों में खाना पका रहे हैं। ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग किया है कि पानी की समस्या के समाधान के लिए खराब हुए चापानल एवं जल मीनार को मरम्मत कराया जाए। साथ ही साथ प्रेस विज्ञप्ति में एक चापानल त्रिभुवन महतो के घर के सामने लगवाने की मांग की है। मांग करने वालों में त्रिभुवन महतो, सुखदेव राणा, शंकर राणा, शिव देव राणा, धनेश्वर महतो, मनोज राणा, जग्गू राणा, इंद्रदेव राणा, सुंदर महतो, टीभर राणा, रविकांत महतो, धनेश्वर महतो सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं। इस संबंध में पंचायत के मुखिया पारसनाथ महतो ने कहा कि ठेकेदार द्वारा काफी अनियमित बरती गई है। मेरे पंचायत में नल जल योजना कहीं भी सक्सेस नहीं है। निपा पोती कर योजना को अधूरा लटका दिया गया है।

# प्रश्नपत्र लीक मामले में ओएसिस स्कूल बेदाग : एहसानुल हक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** कल्लू चौक मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल में एक प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। ओएसिस स्कूल के प्राचार्य एवं एनटीए के सिटी कोर्डिनेटर डॉ एहसान उल हक ने पत्रकारों को बताया कि हजारीबाग के पांच केंद्रों पर 5 मई 2024 को एनटीए के मापदंडों के अनुरूप नीट की परीक्षा संपन्न करायी गयी थी। जिसमें उन्होंने कुल 9 बक्सों में सील प्रश्न पत्र एसबीआई बैंक में 5 मई 2024 को सुबह 7:30 के पश्चात रिसीव कर हजारीबाग के सभी पांच परीक्षा केंद्रों के सेंटर सुपरिंटेंडेंट और पदस्थापित ऑब्जर्वर को बैंक मैनेजर की उपस्थिति में सील बंद बक्से सुपुर्द किया था। तत्पश्चात सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुआ था। विगत 21 जून 2024 को पेपर लीक मामले की



जांच टीम इओयू हजारीबाग पहुंची एवं बताया कि 5 मई 2024 को आयोजित नीट प्रश्न पत्र का एक बुकलेट की कॉपी बिहार के पटना शहर में अधजली अवस्था में मिली। इसकी टीम हजारीबाग आई है। तब मैं और मेरी टीम ने जांच दल को जांच पड़ताल में हर संभव सहयोग किया। जांच के क्रम में वे जांच दल के साथ एसबीआई बैंक भी गए जो नीट पेपर का कस्टोडियन था।

जांच के दौरान पता चला कि प्रश्न पत्र के बक्से 3 मई 2024 को ब्लू डार्ट कूरियर सर्विस द्वारा एसबीआइ बैंक हजारीबाग पहुंचाया गया था। पूछताछ के क्रम में हजारीबाग में ब्लू डार्ट कोरियर के कर्मचारियों ने बताया कि 3 मई 2024 को रांची से हजारीबाग प्रश्न पत्र के बक्से नेटवर्क की किसी गाड़ी से मंगाया गया था और उन बक्सों को भाड़े के ई-रिक्शा से बैंक भेजा गया था। जांच टीम ने इतने संवेदनशील प्रश्न पत्रों के ट्रांसपोर्टेशन की आलोचना करते हुए ब्लू डार्ट को गैर जिम्मेवार बताया।एनटीए के अनुसार प्रश्न पत्रों के बक्से 5 मई 2024 को रिसीव हुआ जबकि कथित तौर पर प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में प्रश्न पत्र की कॉपी 4 मई को ही उपलब्ध था। ऐसी परिस्थिति में मैं किस प्रकार जिम्मेवार हूं। 5 मई 2024 को सुबह 7:30 बजे के पश्चात प्रश्नों के बक्से रिसीव होने के बाद मैंने पूरी जिम्मेवारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन किया। जांच टीम को भी जांच में मैं और मेरे टीम ने पूरा साथ दिया। वर्तमान में इस मामले में जांच प्रक्रिया जारी है।

मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि कुछ मीडिया वालों ने इस पेपर लीक का जिम्मेदार मुझे और मेरे केंद्र को ठहरा दिया जो की अनुसंधान के पूरा होने से पहले अनुचित है। आप सबों को भी जांच के बाद पता चल जाएगा कि इस मामले में असली दोषी कौन है?

## बाइक की टक्कर में दो युवक घायल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र का बड़कागांव बादम रोड स्थित चिरैया नदी के पास विपरीत दिशा से दो मोटरसाइकिल सवार आपस में टक्करा हो गया। जिसमें एक व्यक्ति बुरी तरह से जख्मी हो गया बताया जाता है। कि बरवाडीह निवासी महेंद्र राणा के पुत्र चंदन राणा बड़कागांव से सांढ की तरफ आ रहा था वही निवासी हरली निवासी प्रभु महतो के पुत्र गोविंद महतो हरली गांव से बड़कागांव की ओर जा रहा था। इसी बीच चिरैया नदी के पास आपस में टक्कर गया दोनों व्यक्ति घायल हो गया है । चंदन कुमार को गंभीर स्थिति देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया। वही गोविंद कुमार को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया।

# सदर अस्पताल की स्थिति गड़बड़, राज्यपाल को अवगत कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने सदर अस्पताल कोडरमा की स्थिति भयावह कर देने का आरोप सिविल सर्जन अनिल कुमार एवं डीएस डॉक्टर रंजीत कुमार पर लगाते हुए उपायुक्त से लेकर वरीय पदाधिकारियों को इस पूरे प्रकरण से अवगत कराया है। जब से ये दोनों पदाधिकारी कार्यरत हैं सदर में सुविधा के बाद भी आयुष्मान कार्ड में लूट मची है। सिजेरियन उपरांत डॉक्टर के गायब रहने एवं कर्मियों की अनदेखी से एक नवजात शिशु की मौत तारीख 22 अप्रैल को हो जाती है, तारीख 19 मई को सिजेरियन उपरांत 22 वर्षीया महिला की मौत हो गई क्योंकि शाम में सिजेरियन उपरांत महिला चिकित्सक मरीजों को भगवान भरोसे छोड़कर गायब हो जाती है। आयुष्मान में लूट के कारण सिजेरियन की संख्या नॉर्मल से अधिक है एवं बिना परेशानी के बच्चों को एसएनसीयू में भर्ती कर दिया जाता है। दांत संबंधित मरीजों की सिर्फ समस्या सुनी जाती है, न तो आरसीटी होता है न स्केलिंग और न ही इंप्लांट्स, मरीजों की कम संख्या के बाद भी तीन स्थायी डाक्टर एवं डा रंजीत कुमार की पत्नी को सप्ताह में दो दिन कार्य का अवसर दिया गया जबकि नगर परिषद द्वारा अनुबंध पर शहरी स्वास्थ्य केंद्र गुमो में पदस्थापित किया गया है। पथलडीहा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित डॉक्टर कुलदीप यादव को नियम विरुद्ध डीआरसीएचओ बनाया गया है जो स्वास्थ्य सचिव के आदेश का उल्लंघन है। पारिवारिक रिश्ते के कारण सिविल सर्जन द्वारा कृष्ण केयर के साथ अल्ट्रासाउंड हेतु एमओयू किया गया है। सारी सुविधाओं के बाद भी तारीख 20 जून 2024 को 6 सप्ताह की गर्भवती नेहा कुमारी का गर्भपात ना कर हजारीबाग रेफर कर दिया गया। सबसे दुखद एवं दोनों की उपेक्षा का परिणाम है कुछ रातों से एक फर्जी डॉक्टर द्वारा भर्ती महिलाओं के साथ छेड़छाड़ एवं उनके नाजुक अंगों से खिलवाड़ जो संपुष्ट करता है कि रात में डॉक्टर के साथ ही कर्मी एवं नर्स तक गायब रहती है जिस कारण किसी ने उसे पहचाना तक नहीं। श्री बसंत ने सदर अस्पताल की कुव्यवस्था से पूर्व में 11 जून 2024 को ही उपायुक्त एवं अन्य को अवगत कराया है जिसके बाद भी कोई सुधार नहीं और छेड़छाड़ की इंतहा पर स्वास्थ्य मंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, महिला आयोग के साथ ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं राष्ट्रपति को इस पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए तुरंत संज्ञान लेकर ऐसे कर्तव्यहीन सिविल सर्जन एवं डीएस पर एफआईआर दर्ज कर निलंबन की कार्रवाई की मांग की है।

## शेफाली गुप्ता ने किया पबरा गांव का दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** भाजपा नेत्री सेफाली गुप्ता ने सोमवार को पबरा गांव का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुई। जरूरतमंदों से आवेदन प्राप्त की और समाधान का भरोसा जताई। कैंप में प्राप्त आवेदन जैसे वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, जैसे आवेदन प्राप्त हुआ। साथ ही साथ उन्होने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी व सामाजिक सरोकार पर चर्चा की। इस दौरान श्रीमती गुप्ता ने बताया कि इस गांव का अभिभावक समान शिवकुमार मेहता का भरपूर आशीर्वाद प्राप्त हुआ। मौके पर भाजपा महिला जिला अध्यक्ष रेणुका साहू, महिला मोर्चा के जिला महामंत्री सत्यभाम्मा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, मुखिया सोनी कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि रंजीत रजक, पंचायत समिति सदस्य प्रयाग पासवान, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शिव कुमार मेहता समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्वामी सर्वविद्यानंद महाराज विवेकानंद सेवा आश्रम पहुंचे



आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** यहां के हॉस्पिटल चौक स्थित विवेकानंद सेवा आश्रम में रामकृष्ण मिशन पटना के सचिव स्वामी सर्वविद्यानंदजी महाराज एवं रामकृष्ण विवेकानंद भाव प्रचार परिषद बिहार झारखंड के संयोजक सुकुमार दास का आगमन विवेकानंद सेवा आश्रम पहुंचे। स्वामी सर्वविद्यानंदजी महाराज ने मंदिर परिसर एवं विद्यालय का निरीक्षण किया। स्वामी जी ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डाला और छात्रों को स्वामी विवेकानंद के गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की यह विद्यालय विवेकानंद के विचारों पर आधारित शिक्षा को इस क्षेत्र में प्रसारित कर रहा है। मौके पर विद्यालय के निर्देशक यशवंत मिश्र, शिक्षक कैसूल उमा सोनी, देवेश ,अमन, आयुष, प्रतिष्ठा, स्नेहा, ममता, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ता का मान-सम्मान रखना मेरा पहला कर्तव्य : अमित

आजाद सिपाही संवाददाता

**दारू।** दारू प्रखंड क्षेत्र के कविलासी पंचायत के उच्चाभेडा में दारू और टाटीझरिया के कार्यकर्ता लोक सभा चुनाव की समीक्षा बैठक मुखिया प्रतिनिधि राजेश प्रसाद की अध्यक्षता एवं संचालन उपेंद्र पांडेय ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव उपस्थित थे। सभी कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में सांसद अन्नपूर्णा देवी भारी मतों से विजयी बनाए है और वह केंद्रीय कैबिनेट में मंत्री बनकर हमलोग के बीच आभार प्रकट करने आई हम सभी कार्यकर्ता उनको मंत्री बनने पर बधाई देते है। बरकट्ठा विधायक



श्री यादव का आभार प्रकट करते है की लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता को भरपूर उत्साहित करने और मेहनत करने का काम किया। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान जनता ने किया सभी को धन्यवाद देता हूं। कार्यकर्ता हमारी रीढ़ है कार्यकर्ता के मैं दिल में रहता हूं कार्यकर्ता का मान सम्मान करना मेरा पहला काम है। अब विधान सभा चुनाव नजदीक आ रहा है इस पर लग जाना है हमारी जहां भी जरूरत पड़ेगी मै अपलोगो के साथ हुं उन्होंने कहा की भाजपा में मान सम्मान मिलता है किसी पार्टी में नही मिलेगा आज मैंने जो भी चुनाव जीता है भाजपा कार्यकर्ता का मेहनत का फल है जहां जहां सड़क निर्माण बचा हुआ प्रयास रहेगा पूर्ण करेंगे झारखंड की सरकार भ्रष्ट है हर सुख दुख में आप सभी के साथ हूं और आगे भी रहेंगे। बैठक में बसंत सिंह महेश अग्रवाल, उमेश प्रसाद , रामप्रसाद कुशवाहा, अजय कुमार, रवि वर्णवाल, सुरेंद्र राणा, कौलेश्वर मिश्रा, शानू पंडा, अजीत कुमार, ज्योतिष पंडा, राजकुमार सिंह, प्रमोद सिंह, सोबरन महतो, सुरेश प्रसाद, मिनांच्ल कुमार, जीतन महतो, संदीप गिरी ,धर्मेंद्र सिंह, चमन प्रसाद, छत्रधारी राणा, मिठु राम, विनय दास, भोला तुरी, उमेश कुमार, अवधेश आनंद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कोडरमा स्टेशन पर तिरंगा के फट जाने के बाद अब तक नहीं लगा, लोगों में निराशा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आमजनो में देश प्रेम की भावना जगाने और गर्व की अनुभूति कराने को लेकर कोडरमा स्टेशन पर लगे 100 फीट की ऊंचाई पर लहराता विशाल तिरंगा किसी कारण वस पिछले एक सप्ताह पूर्व उतारा गया, जो सोमवार तक नहीं लग पाया है। इस कारण इसे प्रतिदिन देखने वाले लोगो में निराशा है। बताया जा रहा है पिछले दिनों चली तेज हवाओं के झोंके से तिरंगा के कई हिस्से फट गए थे। जिसकी सूचना पर रेल प्रबंधन ने विभागीय अधिकारियों से बात कर तत्काल तिरंगे को उतरवा लिए थे। इस संबंध में कोडरमा एसएस रविंद्र कुमार ने कहा कि वे पिछले तीन दिनों से छुट्टी में थे। वैसे इसकी जिम्मेदारी आईओडब्लयू की थी। लेकिन उन्होंने कहा कि जल्द ही नया तिरंगा फहराने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि फटा हुआ तिरंगा फहराना अपराध है, इसलिए तिरंगा के फट जाने पर उसे सम्मान पूर्वक उतार दिया गया। बताते चले 26 जनवरी 2021 को कोडरमा सांसद के द्वारा स्टेशन परिसर में 100 फीट की ऊंचाई 20 फीट चौड़ा तिरंगा को फहराया गया था।

## सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय 63 वां सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 24-25 अंडर 14 - 17 ब्वॉयज, गर्ल्स का आयोजन + 2 हाई स्कूल जयनगर के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख अंजू देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, बीपीओ राधा सिंह, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी सुरेश कुमार राम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। टूनार्मेंट में अंडर 17 ब्वॉयज में +2 हाई स्कूल जयनगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और अपने प्रखंड का नाम रौशन किया। वहीं द्वितीय स्थान में लतबेधवा की टीम रही। अंडर 17 गर्ल्स में परसाबाद की टीम प्रथम स्थान प्राप्त किया और द्वितीय स्थान कस्तूरबा हाई स्कूल जयनगर की टीम ने प्राप्त किया। अंडर 14 वॉज में प्रथम स्थान परसाबाद की टीम, द्वितीय स्थान पर तिलोकरी की टीम रही। मौके पर स्कूल के प्राचार्य वरुण कुमार सिंह, बीआरपी विकास कुमार, प्रवीण कुमार, विकास कुमार, सुजीत कुमार, चंदन कुमार, अजय कुमार, नीरज कुमार, शिक्षक वीरेन्द्र कुमार, सीताराम कुमार तथा सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## विनोद सिंह ने सीएम से मिलकर मुआवजे की मांग की




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन से उम्मीदवार सह बगोदर विधायक कॉमरेड विनोद सिंह ने सोमवार को झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से मिलकर कोडरमा में दो निर्दोष युवाओं नसीम एराकी और आजाद आलम की अपराधियों द्वारा हत्या और बगोदर में श्रमिक कुलदीप सिंह की हत्या को लेकर बात की। उन्होंने दोनों मामलों में सख्त करवाई के साथ आश्रितों को मुआवजा और रोजगार देने की मांग की।

## नाबालिग का हत्यारोपी सिंटू कसाई फरार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत जलवाबाद में फरार अभियुक्त रिजवान अहमद उर्फ सिंटू कसाई के घर कोडरमा पुलिस ने दंड प्रकिया संहिता की धारा 82 के तहत इश्तहार चिपकाया। इस दौरान कोडरमा थाना में पदस्थापित एसआई नंद किशोर तिवारी ने बताया कोडरमा थाना कांड संख्या 169/23 के अभियुक्त जलवाबाद निवासी रिजवान अहमद उर्फ सिंटू कसाई के घर और स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र में वार्ड सदस्य और स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रताप चंद्रा के आदेशानुसार इश्तहार चिपकाया गया। ज्ञात हो कि विगत 14 सितम्बर को अबूबसर उर्फ रहिल पिता रिजवान अहमद उर्फ सिंटू, नूर आलम उर्फ जुनैद पिता इरशाद आलम आदि के द्वारा जलवाबाद में 8 वर्षीय मासूम अब्दुसमद उर्फ अलसमद की गला दबा कर बहुत बेरहमी से हत्या कर बंद घर में छुपा दिया गया था। जिससे बच्चे का शव पूरी तरह खराब हो गया था। बहरहाल इश्तहार में कहा गया है चूंकि परिवाद किया गया है कि मो रिजवान अहमद उर्फ सिंटू, पिता मो अख्तर, नियर मदीना मस्जिद, थाना, कोडरमा भादवि की धारा 364, 302 तथा 201/34 के तहत अपराध करित किया है और उन पर जारी किए गए गिरफतारी वारंट को यह कहकर लौटा दिया गया है, कि अभियुक्त मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से यह दर्षित है, कि वह फरार हो गया है। या कहा जा सकता है की उक्त वारंट की तामिला से बचने के लिए अभियुक्त खुद को छिपा रहा है।

## आउटसोर्सिंग कर्मियों ने समस्याओं को लेकर सिविल सर्जन से मुलाकात की



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल कोडरमा में निजी एजेंसी कमांडो सिक्योरिटी फोर्स के अंतर्गत आउटसोर्सिंग के रूप में कार्यरत कर्मियों ने सोमवार को सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार से अपने विभिन्न मांगों को लेकर मुलाकात की। आउटसोर्सिंग कर्मियों ने बताया कि कंपनी के द्वारा पिछले तीन महीने से उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। वेतन नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी के द्वारा यदि शीघ्र वेतन नहीं दिया गया तो सभी कर्मी हड़ताल पर चले जाएंगे। सिविल सर्जन ने शनिवार तक उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। मौके पर अराजपत्रित कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी, आउटसोर्सिंग कर्मी अमन कुमार वर्मा, प्रिंस पांडे, विशाल राणा, रितेश कुमार, अभिजीत कुमार, विपुल कुमार, रोहित कुमार, अमित कुमार, स्वीटी कुमारी, महिमा भारद्वाज, सोनी कुमारी, चंदन कुमार, रंजीत कुमार, रेनू समेत अन्य उपस्थित थे।

## बिजली के खंभे से गिरने से लाइन मैन की मौत

प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के योगिडीह पंचायत के ग्राम घुज्जी गांव निवासी आनंद कुमार रंजन के 28 वर्षीय पुत्र शशिकांत कुमार रंजन की मौत सोमवार को हो गयी। शशिकांत बिजली विभाग में लाइन मैन का काम करता था। सलेमपुर गांव में काम करने के दौरान बिजली पोल से गिर जाने के कारण उसकी सिर में गंभीर चोट आ गयी। परिजनों ने उसे आनन फानन में रानीगंज इलाज के लिए ले गये। जहां प्राथमिक इलाज के दौरान बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया। इलाजरत घायल का सोमवार को उसकी मौत हो गयी। इस संदर्भ में योगिडीह पंचायत के मुखिया बीरेंद्र यादव ने बताया कि शशिकांत करीब पांच सालों से बिजली विभाग में काम कर रहा था। लेकिन इसकी मौत के बाद कोई भी विभाग के कर्मी सुध लेने के लिए नही पहुंचा। मुखिया ने बिजली विभाग के प्रति नाराजगी जाहिर किया है।

### रोटरी रामगढ़ सिटी को मिला बेस्ट प्रेसिडेंट और आउटस्टैंडिंग सेक्रेटरी अवार्ड

# यह सम्मान रामगढ़ के लिए गौरव : हरीश



### वर्ष 2022-23 में अध्यक्ष हरीश को मिला था अवार्ड

बताते चले कि गत वर्ष 2022-23 में भी रोटरी सिटी के निवर्तमान अध्यक्ष रो हरीश चौधरी ने भी बेस्ट प्रेसिडेंट अवार्ड प्राप्त किया था। क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट उमेश राजगढ़िया ने बताया की यह अवार्ड क्लब द्वारा सेवा के विभिन्न क्षेत्रों, चिकित्सा क्षेत्र पर्यावरण क्षेत्र, शिक्षा क्षेत्र एवं मानव कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर आगामी प्रेसिडेंट अनिल गोयल, सूरज अग्रवाल, विकास अग्रवाल, रूपेश गुप्ता ,वरुण बगड़िया, भरत गोयल, किशन बंसल, रोहित पंसारी, स्वाति पंसारी, सुमन चौधरी, आदर्श चौधरी , सचिन अग्रवाल , राजू अग्रवाल , आयुष बजाज तथा सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त कर क्लब को बधाई दी।

**क्लब को लगातार दूसरे सत्र में मिला बेस्ट अवार्ड : रवि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 बिहार और झारखंड के 2023-24 के अवार्ड फंक्शन का आयोजन जमशेदपुर के होटल द क्रूज में किया गया। जिसमें रोटरी मंडल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो एसपी बगड़िया द्वारा रामगढ़ शहर के रोटरी रामगढ़ सिटी के अध्यक्ष रवि अग्रवाल को बेस्ट प्रेसिडेंट और सचिव दीपक अग्रवाल को आउटस्टैंडिंग सेक्रेटरी का अवार्ड से नवाजा गया। सम्मान समारोह में विभिन्न सेवा क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3250 में 112 क्लब है। जिसमे अंडर 40 क्लब में रामगढ़ सिटी के सत्र 2023 -24 के अध्यक्ष रवि अग्रवाल को बेस्ट प्रेसिडेंट आवार्ड लाकर रामगढ़ का मान बढ़ाया। जबकि रोटरी रामगढ़ सिटी के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2023-24 में रोटरी सिटी को विभिन्न सेवा क्षेत्रों में कई अवार्ड प्राप्त हुए हैं। सम्मान समारोह में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के झारखंड और बिहार से बड़ी संख्या में रोटरी सदस्य मौजूद रहे। क्लब अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। क्लब को लगातार दूसरे सत्र अवार्ड प्राप्त होने पर सभी सदस्यों ने हर्ष जताया।

### मुख्यमंत्री के चतरा आगमन की तैयारी को लेकर बैठक

# बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर होगी कार्रवाई : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के जुलाई माह में चतरा आगमन की तैयारियों को लेकर समाहरणालय के सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में सभी विभागों और प्रखंड कार्यालय के कार्यालय प्रधानों को उनके कार्यों का दायित्व सौंपा गया और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

उप विकास आयुक्त ने सभी कार्यालय प्रधान और प्रखंड विकास पदाधिकारी राज्य से प्राप्त योजनाओ के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि। वैसे अधिकारी जिनका चतरा जिले के अलावे कहीं और प्रतिनियुक्ति है, वैसे पदाधिकारी चतरा मुख्यालय में तीन दिन रहकर शत प्रतिशत कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया तथा बिना सूचना के मुख्यालय से अनुपस्थित पाये जाने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी भी दिया। साथ ही उन्होंने कहा सभी पदाधिकारी सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शनिवार को जनता दरबार का आयोजन कर आम जनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर मामले का निष्पादन करें और जनता दरबार की सूचना से संबंधित दिन और समय की जानकारी सूचना पट्ट पर देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह,जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## पीएफ योगदान नहीं जमा करने पर जुर्माने में कटौती का भारी विरोध




रामगढ़(आजाद सिपाही)। पार्टी कार्यालय से ऐक्टू के बैनर तले दर्जनों मजदूर मार्च करते हुए सुभाष चौक पहुंचे। जिसके बाद आयोजित नुक्कड़ सभा में भाग लिया। इस दौरान ऐक्टू के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला सचिव अमल घोषाल ने कहा कि श्रम और रोजगार मंत्रालय ने 14 जून 2024 को एक नया अधिसूचना जारी करते हुए कहा है कि पीएफ, कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) और कर्मचारी जमा -लिंक्ड बीमा योजना (ईडीएलआई) योगदानों के जमा करने में देरी पर दंडात्मक शुल्कों को भारी रूप से कम कर दिया गया है। **मोदी की 3.0 सरकार कार्पोरेट हितैषी :** कहा कि मोदी की 3.0 सरकार कार्पोरेट हितैषी है। साथ ही मजदूर विरोधी कदम का पुरजोर विरोध करती है। ऐक्टू इसे मजदूरों की कड़ी मेहनत की कमाई की लूट कहता है और एनडीए मोदी सरकार से इस अधिसूचना को तत्काल वापस लेने की मांग करता है। कहा कि देश के श्रमिक वर्ग से इस कदम का पुरी ताकत से विरोध करने का भी आह्वान करती है। इस अवसर पर ऐक्टू प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला सचिव अमल घोषाल, जिला अध्यक्ष महादेव मांझी, सरयू बेदिया, लाल मोहन मुंडा, सुखराम उरांव, बिएन मुंडा, चंद्रिका राम, रूदल राय, बिजय प्रजापति, भीम प्रजापति, कामेश्वर महतो सहित अन्य मजदूर भी शामिल हुए।

## न्याय नहीं मिलने पर एससी/एसटी कमीशन तक जायेंगे : गणेश राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना से रिटायर सीसीएलकर्मी सुरेश राम पद स्वीपर और अनिता कुमारी पति स्वर्गीय राजदेव मुंडा दोनो के परिजनों ने पेंशन व सीएमपीएफ से जुड़े मामले को लेकर ऑल इंडिया एससी/ एसटी/ ओबीसी, कोऑर्डिनेशन काउंसिल उरीमारी शाखा सचिव गणेश राम से मिलकर शिकायत के साथ अपनी बातें रखीं। जिसपर काउंसिल के उरीमारी परियोजना शाखा सचिव गणेश राम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बरका सयाल महाप्रबंधक के नामे शिकायत पत्र लिखा है। वहीं गणेश राम ने सीएमपीएफ से जुड़े दोनों के समस्याओं को लेकर परियोजना कार्यालय, महाप्रबंधक कार्यालय और सीएमपीएफ कार्यालय रांची में जांच पड़ताल करने के बाद पुनः महाप्रबंधक को एक शिकायत पत्र में विभाग के सीएमपीएफ रांची और उरीमारी के कार्मिक विभाग के कार्यशिलता पर प्रश्न उठाया है। वहीं इस पत्र में दर्शाया है कि उरीमारी परियोजना में राजदेव मुंडा पूर्व डंपर ऑपरेटर जो 21 नवंबर 2021 को ड्यूटी जाने के क्रम में दुर्घटना होने पर मृत्यु हो गयी थी। उनका पेंशन और सीएमपीएफ अभी तक सेटल नहीं हो पाया है। जबकि वह लगातार पेपर सीएमपीएफ कार्यालय रांची जाता रहा है। पर सात-आठ महीने तक पेपर रखने के बाद फिर पेपर वापस आ जाता है। वहीं इस मौके पर कांउसिल के उरीमारी परियोजना सचिव गणेश राम ने कहा कि रिटायर या मृत्यु होने पर उनके परिजनों को बहुत ही परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। और पीड़ित दर- दर की ठोकरें खाते है। हमें यह समझ नहीं आ रहा है की सात से आठ महीने तक क्लेम को एक टेबल पर रखने का क्या मतलब है। वहीं गणेश राम ने यह भी कहा कि अगर अभिलंब इस पर प्रबंधन के द्वारा न्याय पूर्वक कार्यवाही नही किया गया तो मामले को लेकर एसटी/एससी कमीशन तक ले जाया जायेगा।

## लाखों रुपये की संपत्ति उड़ा ले गये चोर, पुलिस कर रही छापेमारी

**टीओपी के समीप ही चोरों ने तोड़ दिया चार दुकानों का ताला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के सुभाष चौक के समीप टीओपी के सामने ही चोरों ने चार दुकानों का ताला तोड़ दिया। पुलिस मूकदर्शक बनी रही और लाखों रुपये की संपत्ति चोरर उड़ा कर ले गए। साथ ही लोहार टोला में एक दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। रविवार की रात्रि में चोरों ने लोहार टोला के बालाजी हनुमान मंदिर के बगल में विश्वकर्मा फैशन हब का ताला तोड़ कर कांउटर से 4 हजार नकद सहित हजारों रुपये के सामानों की चोरी कर ली। दुकान के संचालक आदर्श विश्वकर्मा पिता बद्री विश्वकर्मा ने बताया कि रोजाना की तरह दुकान बंद की थी। सुबह दुकान का ताला टूटा पाया गया। दुकान में सामान बिखरा पड़ा था और चोर ताला तोड़ने का औजार छोड़ कर भागे है। वहीं, चोरों ने मेन रोड के टीओपी के पास राजा यादव की चाय दुकान, वाल्मिकी की चाय दुकान, बब्लू के समोसा दुकान और कपड़े की सिलाई दुकान का भी ताला और दरवाजा तोड़ कर नकद और सामान चोरी कर ली। दुकानदारों का कहना है कि टीओपी के पास ही चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस तरह चोरी होने से दुकानदार दहशत में है। इधर, पुलिस ने चोरी की घटना के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। दशक में काम कर रहे दुकानदारों ने कहा कि पुलिस को गस्ती और तेज करने की आवश्यकता है ताकि व्यापारियों को और नुकसान ना हो।

## दिगवार में ट्रक की चपेट में आने से कार सवार महिला की मौत



कुजू (आजाद सिपाही)। क्षेत्र के दिगवार ओवरब्रिज के समीप रविवार की देर रात ट्रक और एक कार की टक्कर हो गयी। जिसमें एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद पहुंची कुजू पुलिस ने शव को उठाते हुए दोनों क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लिया। साथ ही, कुछ देर के लिए जाम सड़क को खाली कराते हुए इसे सुचारु कराया। बताया जाता है कि कार संख्या बीआर06 सीजे-7206 पर सवार अमृता ठाकुर पति सत्य प्रियदर्शी ठाकुर समस्तीपुर से रांची जा रही थी। इस दौरान दिगवार ओवरब्रिज के निकट कार की टक्कर ट्रक संख्या जेएच02 टी-8597 से हो गयी। जिसमें कार पर सवार अमृता ठाकुर कार से बाहर जा गिरी व ट्रक के अगले पहिए के नीचे आकर दब गयी। घटना में अमृता ठाकुर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि अन्य सवार बच गए। घटना के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए जाम लग गया। बाद में कुजू ओपी पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेजते हुए सड़क को सुचारू कराया।

## निबंध और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**मादक पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए : बीएन साह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार द्वारा निर्देशित 19 जून से 25 जून तक मादक पदार्थों को रोकने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के तहत राधा गोविंद विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा निबंध और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

क्विज प्रतियोगिता में पांच टीम ए (दामोदर), टीम बी (भैरवी), टीम सी (नालकारी) टीम डी (स्वर्णरेखा) और टीम ई (शंख) बनाये गये थे। जिसमें टीम बी (भैरवी) और टीम सी (नलकरी) ने संयुक्त रूप से विजेता का खिताब जीता।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी। कहा कि व्यसन न केवल व्यक्ति को बल्कि पूरे समाज को आर्थिक और शारीरिक रूप से पतन की ओर ले जाता है। मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी कुलपति डॉ समरेंद्र नाथ साहा, प्रति कुलपति प्रो रश्मि, कुलसचिव प्रो निर्मल कुमार मंडल, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार ने सभी सफल विधार्थियो को उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रेम प्रकाश के देख- रेख में सम्पन्न हुआ।

## एशियाई ड्रैगन बोट चैंपियनशिप की तैयारी में जुटी भारतीय टीम

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** एशियाई ड्रैगन वोट चैंपियनशिप 2024 हांगकांग में आयोजित किया जाना है। इसे लेकर खिलाड़ियों ने दूसरे दिन भी सोमवार को पतरातू डैम पर वोट को तेज चलाने का अभ्यास किया। मालूम कि यह प्रतियोगिता का आयोजन ड्रैगन वोट इंडिया और ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन के अंतर्गत झारखंड ड्रैगन वोट पतरातू-रांची के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद दूसरे दिन भी पहुंची। विधायक अंबा प्रसाद ने राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे इस प्रकार के आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए इंडिया कैंप लगाने के लिए खिलाड़ियों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर इंडियन ड्रैगन बोट के उपाध्यक्ष ताहिर अहमद इंडियन ड्रैगन बोट के टीम कोच फारूक अहमद, झारखंड ड्रैगन वोट के अध्यक्ष संजय वर्मा, महिला प्रतिभागियों की कोच पूजा कश्यप, खेल विभाग झारखंड सरकार के संतोष कुमार सहित खेल विभाग के पदाधिकारी शामिल थे।

# आनंद साईं दरबार का 14वां तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह भव्य पालकी यात्रा के साथ आरंभ

**गाजे गाजे के साथ निकली पालकी यात्रा, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह**

**पूर्व विधायक ममता देवी सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का 14वां तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा के साथ सोमवार को आरंभ हुआ। पालकी यात्रा से पूर्व पुजारी राजेश पांडे ने यजमान रोहित कुमार गुप्ता और बसंत कुमार के हाथों पर साईं बाबा की विधिवत पूजा अर्चना संपन्न करवाई। इसके उपरांत मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ साईं बाबा की पालकी यात्रा आरंभ हुई। पालकी यात्रा झंडा चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला, सुभाष चौक, मेन रोड होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई।

**साईं बाबा के भजनों से वातावरण हुआ भक्तिमय :** पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालु साईं बाबा के मुधर भजनों का गायन करते बढ़ते चल रहे थे। जिससे वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय होता रहा।

**साईं बाबा का वेष धारण किये विमल शर्मा लोगों को कर रहे थे आकर्षित :** पालकी यात्रा में साईं बाबा की वेष में शामिल पूर्व विधायक यमुना शर्मा के पुत्र विमल शर्मा लोगों के लिए आकर्षकण का केंद्र बने हुए थे।

**पालकी यात्रा में विभिन्न संगठनों ने श्रद्धालुओं का किया स्वागत**

साईं बाबा की पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का विभिन्न संगठनों द्वारा जगह-जगह शीतल पेयजल आदि देकर स्वागत किया गया। गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान परमदीप सिंह कालरा और बलजीत सिंह बेदी के नेतृत्व में पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु का शीतल पेयजल से स्वागत किया गया। साथ ही साहू समाज की ओर से भी पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

**मंदिर को आकर्षक विद्युत और फूलों से सजाया गया :** आनंद साईं दरबार के स्थापना दिवस समारोह को लेकर मंदिर मंदिर का रंग रोगण करवाया गया है। साथ ही आकर्षक विद्युत और फूलों से मंदिर को सजाया गया है।

### साईं बाबा की पालकी यात्रा में ये थे शामिल

साईं बाबा की पालकी यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक ममता देवी, समाज सेवी नंदकिशोर गुप्ता, मनोज मंडल, रंजन फौजी, उमेश सिंह, संतोष सिंह, कौशल सिंह, विमल बुधिया, अजीत जायसवाल, सुबोध सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, आनंद प्रताप सिंह, शेलेन्द्र ठाकुर, अरूण कुमार महतो, दीपक अग्रवाल, शरद सिन्हा, अजीत कुमार, सुभाशीष, अरविंद अग्रवाल, विनोद साव, राजेश प्रसाद, जीतू अग्रवाल, शशि पांडे, अशोक शर्मा, विशाल यादव, विनोद जायसवाल, सन्नी सिन्हा, संजय कुमार, चंदन प्रसाद, उमेश महतो, मौजन कुमार, आयुष गुप्ता, सुरेश प्रसाद, अनूप विश्वकर्मा, शीतल सिंह, मल्लिका दत्ता, ज्योति मानसाता, नीलम केसरी, संध्या शर्मा, पूनम टोप्पो, लक्ष्मी पटेल, रिमनी कुमारी, ललिता देवी, मालती देवी, अंजू देवी, उषा देवी, सुशीला देवी, मीना देवी, शोभा देवी, तारा देवी, सरिता देवी, मुनिया देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### आज होगा पूजन और हवन

आनंद साईं दरबार के स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन मंगलवार को पूजन और हवन का अनुष्ठान संपन्न होगा। जबकि बुधवार को 12:30 बजे से मंदिर परिसर में अटूट भंडारे का आयोजन किया जायेगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण करेंगे।

## ए ला एंगलाइज स्कूल के छात्र स्वप्निल का आइआइटी में एडमिशन, बधाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुरकुंडा।** सफलता का कोई मापदंड नहीं होता। लक्ष्य की प्राप्ति की संकल्प छात्र को उसके मंजिल तक ला खड़ा करती है। इन बातों को चरितार्थ किया है ए ला एंग्लाइज स्कूल के 12वीं का छात्र स्वप्निल कुमार ने पहली बार में ही जी एडवांश परीक्षा में सफलता अर्जित कर। स्वप्निल कुमार बलकुदरा निवासी प्रयाग साहु व चंचला रानी के पुत्र है। स्वप्निल के पिता प्रयाग साहु विदेश में कार्यरत हैं। छात्र की सफलता पर सोमवार को बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य विजंयत कुमार ने बताया की स्वप्निल सत्र 2022-24 में 12वीं का छात्र था। जिन्होंने बिना किसी कोचिंग के जी एडवांश की परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है कि स्वप्निल जी मेन्स परीक्षा में ऑल इंडिया रैंकिंग 6467, जी एडवांश में ऑल इण्डिया रैंकिंग 8439 और ओबीसी श्रेणी में 1811 रैंक प्राप्त किया है। जो भारत के किसी भी बड़ी संस्थान में आईआईटी में नामांकन के लिए योग्यता रखते हैं। उन्होंने कहा स्वप्निल की सफलता से क्षेत्र और विद्यालय गौरवांवित हुआ है। प्राचार्य श्री कुमार ने सफल छात्र स्वपनिल को उपहार स्वरूप पेन डायरी देकर सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दी। साथ ही हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इधर स्वपनिल ने बताया की बचपन से ही मेरा पसंदीदा विषय गणित और भौतिक शास्त्र रहा है। आगे आईआईटी के साथ रिसर्च के क्षेत्र में काम करना चाहता हूं। संस्थान में पढ़ाई के बारे में पुछे जाने पर छात्र ने आईआईटी रुढ़की में पढ़ने की इच्छा जाहिर की। प्रेस कांफ्रेंस में प्राचार्य विजयंत कुमार, स्वपनिल की माता चंचला रानी, शिक्षक बिदेंश ओझा, निरंजन दुबे, वैभव कुमार, धर्मेश सोनी आदि शिक्षक शामिल थें।

## सांसद सुखदेव भगत ने 18वीं लोकसभा के पहले दिन के सत्र में लिया भाग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत ने सोमवार को 18वीं लोकसभा के पहले दिन के सत्र में भाग लिया। उन्होंने इस पवित्र बेला में लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह हमारे क्षेत्र के मतदाताओं की ताकत है जो आज वह लोकसभा में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र वासियों की आवाज बनेंगे। अपने क्षेत्र की समस्या के समाधान के लिए हर समय सकारात्मक प्रयास करने के लिए वह कटिबद्ध हैं। सांसद सुखदेव भगत ने यह भी कहा कि जनता ने जिस उम्मीद के साथ उन्हे आज अपनी आंखों पर बिठाया है ठीक उसी प्रकार उनका प्रयास होगा कि वह जनता की उम्मीद पर खरा उतरे। संसद में वे क्षेत्र की आवाज बनेंगे। 18वीं लोकसभा के पहले दिन के सत्र में भाग ले कर जैसे वह निकले उनके साथ कांग्रेस के ज़िला महासचिव संतोष गुप्ता गुड्डू उनके साथ देखे गए। दोनों ने क्षेत्र के विकास के लिए नई योजनाओं पर मंथन भी किया। संतोष गुप्ता ने नवनिर्वाचित सांसद को पहले दिन के सत्र के लिए बधाई दी और उनसे आशा व्यक्त की कि क्षेत्र में विकास की किरण को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वे सुखदेव भगत के साथ खड़े रहेंगे।

## सीओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की



**बसिया (आजाद सिपाही)।** निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी जयवंती देवगम के अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। इस बैठक में द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। दिनांक 25 जून 2024 से 24 जुलाई 2024 तक चलने वाले कार्यक्रम के दौरान बीएलओ के द्वारा मतदाता सूची का घर घर जाकर सत्यापन किया जाना है ।यदि किन्ही व्यक्ति का आयु 18 साल या उससे ऊपर हो तो मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कर सकता है साथ ही किसी मतदाता की मृत्यु हो गयी हो तो प्रपत्र 7 भरकर उसका नाम मतदाता सूची से हटाना है ।यदि मतदाता सूची में किन्ही मतदाता के नाम मे मतदाता सूची में त्रुटि हो तो प्रपत्र 8 भरकर वह अपना नाम, पता, पिता का नाम,पति का नाम और फोटो में सुधार कर सकता है। बैठक में एसडीओ जयवंती देवगम द्वारा सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को लोकसभा चुनाव 2024 में सहयोग बनाये रखने हेतु धन्यवाद ज्ञापन भी दिया गया।

## ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क निर्माण कार्य बंद कराया



**जारी (आजाद सिपाही)।** देवंती कंस्ट्रक्सन के द्वारा जारी से चैनपुर तक की बन रही सड़क निर्माण को श्रीनगर चटकपुर वह जमनी गांव के सैकड़ो ग्रामीणों के द्वारा बंद कर दिया गया ।इसके बाद सड़क निर्माण में लगे जेसीबी,पोकलेन,डंपर,ट्रेक्टर को भी एक जगह खड़ा करा दिया गया। ग्रामीणों को अभी तक मुवावजा नही मिला था ।जिसको लेकर ग्रामीण गोलबंद होकर सड़क निर्माण कार्य को बंद करा दिया ।जिसकी जानकारी मिलते ही जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार व जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत कर मामला को सुलझाया। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने कहा कि कानून को अपने हाथ में नहीं लेना है ।यदि कोई कानून को अपने हाथ में लेता है तो उसके ऊपर कानूनी कारवाई किया जाएगा ।सिस्टम में आकर ही कुछ काम को किया जा सकता है। मामला है मुआवजा नहीं मिलना तो इस विषय पर बात करने की आवश्यकता है। आप लोगों का समस्या का समाधान हो जाएगा। निर्माण कार्य को नहीं रोके अन्यथा बरसात में राहगीरों को चलने में काफी दिक्कते है। जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने कहा कि हम आप लोगों के साथ हैं। मुआवजा की बात है। तो मैं खुद संवेदक से बात करता हूं। और मुआवजा दिलाने को लेकर जोर से लगता हूं। मौके पर उपस्थित कंपनी के कर्मचारियों ने कहा की एक महीने का अल्टीमेटम दिया जाए। एक महीने के अंदर ग्रामीणों की समस्या का समाधान हो जाएगा।

## शंकर खेरवार ने धान बीज का वितरण किया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चुंदरी लैंप्स में दो दर्जन किसानों के बीच सोमवार को दिन के 2 बजे प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंकर खेरवार ने सरकार से मिलने वाले अनुदान दर पर धान बीज का वितरण किया। इस क्रम में कृषि पदाधिकारी शंकर खरवार ने बताया कि सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान दर पर धान बीज किसानों के बीच मुहैया कराया जा रहा है। जिसमें हाइब्रिड धान, अराइज गोल्ड, अराइज 8433, डीआरएच एमटीयू 10 उपलब्ध है। मौके पर कृषि पदाधिकारी ने कहा कि किसान अनुदान पर मिले बीज का समुचित लाभ उठाएं और अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएं। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रधान उरांव, उप मुखिया अजीत मनी पाठक, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, लैंपस सचिव सुरेंद्र यादव, किसान करमा उरांव, सुजीत उरांव, फूल कुमारी देवी, चंद्रदेव भगत, रंजीत उरांव सहित कई किसान उपस्थित थे।

## कंचन प्रजापति से बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शिष्टाचार भेंट की



**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो थाना के नए थानेदार कंचन प्रजापति से थाना पहुंच कर बिहिप बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने शिष्टाचार भेट किया। वही कार्यकर्ताओ द्वारा थानेदार को भगवा अंग वस्त्र और हनुमान चालीसा देखकर स्वागत किया गया ।मौके पर थानेदार ने कहा की क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता होगी और सभी का सहयोग की अपेक्षा है। मौके पर विहीप के गुमला जिला सह मंत्री,विहिप गौ रक्षा प्रमुख किशन कुमार,विहिप बजरंग दल भरनो प्रखंड अध्यक्ष सुदामा केशरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आजाद सिपाही में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन की पड़ी नजर

# रायडीह के नकटीझरिया में कैंप से ग्रामीणों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित नकटीझरिया ग्राम अंतर्गत जिला स्तरीय एक विशेष मेगा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी कल्याणकारी विभागों के पदाधिकारियों ने अपने अधिनस्तों के साथ कैंप लगाते हुए उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया ।पिछले गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के क्षेत्र भ्रमण क्रम में उन्होंने उक्त ग्राम का दौरा किया था जहां ग्रामीणों से मुलाकात कर उपायुक्त ने उनके सभी समस्याओं के निवारण करने का वायदा किया था। उपायुक्त के निर्देश पर नकटीझरिया ग्राम अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाते हुए कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप का मुख्य उद्देश्य था कि वहां के ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े एवं एक ही बार में उन्हें सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ मिल सके। इस आयोजित कैंप में जिले के सभी विभाग जिसमें जिला समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, जिला कल्याण विभाग, जिला श्रम विभाग, जेएसएलपीएस, जिला पशुपालन विभाग, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, आरसेटी, अग्रणी जिला प्रबंधन, आपूर्ति विभाग, मनरेगा, आवास योजना, यूआइडी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जिला नियोजन कार्यालय सहित कई विभागों के द्वारा कैंप लगाये गये एवं नागरिकों को ऑन द स्पॉट योजनाओं से आच्छादित करने की प्रक्रिया की गयी। वहीं कैंप में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सभी नागरिकों का स्वास्थ्य जांच ,सिकल सेल एनीमिया सहित अन्य महत्वपूर्ण जांच भी किये गये एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की भी प्रक्रिया की गई। इस दौरान सभी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी , बीडीओ एवं सीओ रायडीह भी मौजूद रहें।

इस कैंप में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 118 नागरिकों का स्वास्थ्य जांच / सिकल सेल एनीमिया जांच एवं 71 लाभुकों के बीच कार्ड का वितरण किया गया। वहीं 49 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया।

बाल विकास विभाग अंतर्गत प्राप्त सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कुल 4 आवेदन प्राप्त हुए। कृषि विभाग अंतर्गत प्राप्त 54 आवेदनों में से कुल 30 आवेदनों का निष्पादन हुआ एवं 30 लाभुकों के बीच धान का वितरण तथा 24 लाभुकों का केसीसी योजना का लाभ दिया गया।

कल्याण विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए। पीएमएफएमई एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कुल 12 आवेदकों ने आवेदन समर्पित किए। अवुआ आवास योजना के तहत 32 आवेदन प्राप्त हुए।



**आजाद सिपाही की खबर का असर**

आजाद सिपाही ने ग्राम नकटीझरिया की असुविधाओ और समस्याओं को लेकर एक बड़ी खबर प्रकाशित की थी। जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। और ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उपायुक्त को आवेदन दिलाया था। उपायुक्त की नजर पड़ते ही उन्होने ग्रामीणों की समस्याओं को समझा और गांव का दौरा किया। जिसके नतीजे में हर प्रशासनिक विभाग सोमवार को नकटीझरिया गांव में नजर आ रहा है।

## लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर ने खिचड़ी का किया वितरण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर द्वारा फूड ऑफ हंगर के तहत महावीर चौक के समीप खिचड़ी वितरण किया गया। मौके पर करीब 1000 से ऊपर राहगीरों व लोगों को खिचड़ी खिलाया गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष लायन राजेश लोहानी ने कहा की जन सेवा के तहत क्लब के द्वारा खिचड़ी वितरण का निर्णय लिया गया। जिसके तहत आगे भी खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। क्लब के सचिव हिमांशु केसरी ने कहा अपने क्लब के स्लोगन को चरितार्थ करते हुए सभी सदस्यों के द्वारा खिचड़ी का वितरण किया गया कहा की खिचड़ी वितरण से दूरदराज के लोग ज्यादा लाभान्वित हुए। आम राजगीरों के साथ-साथ क्लब के सदस्यों ने भी एक साथ खिचड़ी खाकर इसका लुफ्त उठाया।

## वोटर लिस्ट संक्षिप्त पुनरीक्षण के सफल संचालन को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड कार्यालय सभागार में द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा ने बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी को पुनरीक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक निर्वहन करने को लेकर कई दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम दो चरणों में चलेगा। पहला चरण के लिए 25 जुन से 24 मई की अवधि निर्धारित है। पहले चरण में बीएलओ द्वारा डोर टू डोर जाकर 1 जुलाई 2024 को या इससे पूर्व 18 वर्ष पुर्ण करने वाले सभी योग्य नागरिकों का नाम जोड़ना, मतदाता सूची में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो को रंगीन फोटो में बदलना, मतदाताओं के नाम, पता, सहित कोई भी त्रुटि सुधार व मृत,स्थाई स्थानांतरित मतदाताओं का सत्यापन कर नाम हटाने हेतू प्रपत्र भरकर मतदाता सूची का संशोधन किया जाएगा। वहीं इसका बीएलओ पर्यवेक्षक व एईआरओ द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाएगा। कार्यक्रम का दुसरा चरण 25 जुलाई से 20 अगस्त तक चलेगी। इस दौरान 25 जुलाई को, पहले चरण में किए गए कार्यों व एकीकृत मतदाता सूची का प्रारुप प्रकाशन व इस निमित दावा-आपत्ति का निराकरण के उपरांत 20 अगस्त 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। पुनरीक्षण अवधि के दौरान 27 व 28 जुलाई और 3 व 4 अगस्त को विशेष अभियान दिवस चलाया जायेगा। इस मौके पर बीडीओ सह एईआरओ रमेश कुमार यादव, बीपीआरओ सुमराई किण्डो, प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन सहित प्रखंड के सभी बीएलओ उपस्थित थे।

## खबर का असर : अधूरे पड़े आंगनबाड़ी भवन का बीडीओ रमेश कुमार ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड क्षेत्र के लकेया डुमरटोली गांव में बीते डेढ़ साल से अधुरा पड़ा आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करने सोमवार को बीडीओ रमेश कुमार यादव योजना स्थल पहुंचे। बताते चलें की उक्त अधुरा पड़ा आंगनबाड़ी केन्द्र की खबर को आजाद सिपाही ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। समाचार छपने के बाद पदाधिकारी के निरीक्षण पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की। ग्रामीणों द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि बीते गांव के तीन लोगों द्वारा पुराने आंगनबाड़ी भवन को तोड़कर नया भवन बनाया जा रहा था। किन्तु डेढ़ साल पहले भवन निर्माण कार्य बंद कर दिया गया। काफी बोलने पर भी भवन प्लिंथ लेबल तक बना कर छोड़ दिया गया है। सेविका द्वारा बच्चों को पेड़ के नीचे या अपने घर पर पढ़ाया जा रहा है। जिससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर बीडीओ ने निर्माण कार्य कराने वाले गांव के ही ठेकेदार सुरेन्द्र यादव से दुरभाष पर संपर्क कर निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने ग्रामीणों को आयुष्यमान पखवाड़ा, स्कील एनिमिया की जांच, मुख्यमंत्री सृजन योजना, कल्याण विभाग द्वारा साध्य व असाध्य रोगियों को सरकारी सहायता सहित विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में जानकारी देते हुए सभी जरुरतमंदों को योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन कर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर कई खेल कार्यक्रमों का आयोजन जिले के दोनों प्रमुख स्टेडियमों में किया गया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर इंडोर स्टेडियम में एथलेटिक्स जिन में छात्र व छात्राओं का 100-400 मीटर दौड़ गोला फेक भाला बुसु ताइक्वांडो बैडमिंटन खेल का आयोजन कर सफल प्रतिभागियों का चयन किया गया । जबकि एस्ट्रोट्रफ स्टेडियम में हॉकी व कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिले के उभरते खिलाड़ियों के लिए खेल का माहौल चिल्लाती गर्मी में भी खिलाड़ियों में नजर आया वह खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक रहा ।

कार्यक्रम का समापन एस्ट्रो ट्रफ स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि में डीएवी स्कूल के प्राचार्य सुजय मिश्रा का स्वागत खिलाड़ियों ने पूरे गर्म जोशी के साथ किया ज्ञात होगी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिले में इस तरह से वृहद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिससे खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक रहा। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सिमडेगा कॉलेज के वॉलीबॉल खेल प्रशिक्षक स्वर्गीय विजय श्रीवास्तव की धर्मपत्नी को जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने सोल ओढ़ कर व बुके दे कर सम्मानित किया। ताइक्वांडो बसु कराटे प्रतियोगिता को सफल बनाने में योग प्रशिक्षक कराटे संम्पाइ जवाहर चौधरी जुनास डांग अमूल्य मिश्रा बैडमिंटन में तौकीर उस्मानी व हॉकी संघ के जिला अध्यक्ष मनोज कौनबेगी स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर मनीष हमब्रोम हॉकी कोच तारिणी कुमारी राजमणि प्रधान के अलावा हॉकी खेलों से जुड़े लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरे तन मेहता से लग रहे इसके साथ ही सभी खेलों में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को कप व शील्ड देकर सम्मानित किया।

## कांग्रेस नेता ने श्रम विभाग की मदद से मजदूर के पार्थिव शरीर को पुणे से मंगवाया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** संगठित कामगार कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम को चार दिन पूर्व सिमडेगा विधायक के प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता के द्वारा फोन में बताया गया कि पालकोट प्रखंड के चौक टेंगरा के रहने वाले रंजीत लकड़ा की घर की आर्थिक स्थिति काफी खराब होने के कारण वह पुणे में टाइल्स और मार्बल लगाने का काम किया करता था। काम करने के दौरान बिल्डिंग से नीचे गिर गया जिससे उसके सिर में गहरी चोट लगी और ब्रेन हेमरेज हो गया। रंजीत लकड़ा की इलाज के क्रम में मौत हो गई। इसके बाद उसके पार्थिव शरीर को गुमला मंगवाने के लिए कांग्रेस नेता ने श्रम विभाग के पदाधिकारी पुनीत तिर्की से मिलकर मामले की जानकारी दी और शव मंगवाने के लिए तत्काल व्यवस्था करने की बात कही। इसके बाद श्रम अधीक्षक ने पार्थिव को लाने के लिए ?50 हजार का चेक दिया। वहीं मृतक का शव गांव लाकर रीति रिवाज के साथ दाह संस्कार किया गया। मुख्तार आलम ने बताया कि सरकार की योजना के अनुरूप मृतक मजदूर की पत्नी को ?1 लाख की मुआवजा राशि कुछ दिनों बाद और दिया जाएगा। इसके लिए जरूरी कागजात कार्यालय में जमा किए जाएंगे। इस कार्य में मुख्य रूप से दाउद आलम, विलियम लुगुन,मोहम्मद गुड्डू, राजेंद्र मिंज और रोहित लकड़ा का सहयोग रहा।

## फरार माओवादी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने कोर्ट से निर्गत आदेश पर की कार्रवाई जिला पलामू, थाना पाकी, ग्राम आबून के आर्म्स एक्ट वर्तमान में माओवादी के सक्रिय सदस्य जो पिछले दो सालों से फरार चल रहा मुरारी सिंह खेरवार पिता बिंदु खेरवार के घर पहुंच कर एसआई कामु पासवान के द्वारा इश्तेहार शुक्रवार को आरोपी के घर में ग्रामीणों के समक्ष दरवाजे पर चिपकाया। यह जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उदेशवर पाल ने बताया कि बिशुनपुर थाना कांड संख्या 12/2019 के प्राथमिक अभियुक्त मुरारी सिंह खेरवार जिसे गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आ रहा है। न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को आरोपी के घर पर चिपकाया गया। यदि निर्धारित समय पर थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 10 वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ गांव के ही 17 वर्षीय एक नाबालिक युवक ने दुष्कर्म किया। मामले की सूचना पर आरोपी को बिशुनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इधर घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार को उक्त बच्ची अपने माता-पिता के साथ कशमार में लगने वाला साप्ताहिक आई थी। पीड़िता के माता-पिता हाट में छोटी मोटी दुकान लगाते हैं जिस कारण शाम हो रहा था तो अपनी 10 वर्षीय बच्ची को घर में बकरी घुसने के लिए माता-पिता ने भेजा बच्ची जब खेत के रास्ते घर जा रही थी तभी पूर्व से घात लगाए बैठा गांव का ही एक 17 वर्षीय युवक अचानक उसे घर दबोचा और झाड़ी की तरफ ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इधर गांव के कुछ लोग उसी रास्ते से जा रहे थे तभी पीड़िता ने चाचा चाचा कह कर चिलाई तो लोग वहां पहुंचे तो आरोपी भागने लगा जिसे पड़कर गांव के लोगों ने जमकर पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया। इधर पुलिस पुलिस के द्वारा पूछताछ के क्रम में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया जिसके उपरांत पीड़िता का मेडिकल कराकर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## कुटुंब न्यायालय में समझौते से पारिवारिक वादों के निबटारे की शुरुआत




**गुमला (आजाद सिपाही)।** कुटुंब न्यायालय में 24 जून से लेकर 28 जून 2024 तक लंबित मुकदमों का निपटारे के लिए स्पेशल मेडिएशन ड्राइव की शुरूआत की गई है। प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकार गुमला, ध्रुव चंद्र मिश्र के निर्देश पर यह ड्राइव चलाई जा रही है। इस अवसर पर जिला जज ने कहा कि मध्यस्थता एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें निरपेक्ष मध्यस्थ वादी और प्रतिवादी को अपने मामले आपसी समझ एवं सहमति से सुलझाने में सहायता करता है, इस प्रक्रिया में मामला आपसी सहमति से जल्द सुलझ जाते हैं। वादकारीगण इस स्पेशल मेडिएशन ड्राइव का भरपूर लाभ उठा सकते हैं ।यह ड्राइव परिवारिक विवाद जो फैमिली कोर्ट में पेंडिंग है,उसका निपटारा त्वरित गति से करने के लिए किया गया है, ताकि पक्षकार सहमति और समझौता कर अपना परिवारिक जीवन बिना किसी बाधा के आगे बढ़ा सके । इस मौके में पक्षकारों को आगे आकर मध्यस्थाता का लाभ उठाने की सलाह दी गई। इसी ड्राइव में एक मामले का निपटारा किया गया। ड्राइव की शुरूआत में अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला रामकुमार लाल गुप्ता,माननीय सदस्य स्थाई लोक अदालत श्री शंभू सिंह, लीगल डिफेंस काउंसिल के विद्या निधि शर्मा, अधिवक्ता शारदा पांडे, अरविंद चौधरी, प्रकाश पांडे, आशा पूनम, तथा पक्षकार गण उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स अकादमी ने मनाया अंतराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस

**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्पोर्ट्स अकादमी ने 23 जून को अंतराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस और अंतराष्ट्रीय हैंडबॉल दिवस धूमधाम से मनाया गया साथ ही समर कैंप आयोजित था जिसका समापन 24 जून को पूर्वाह्न 10 बजे किया गया । हैंडबॉल दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स अकादमी और गुमला एकादश के बीच हैंडबॉल का मैच हुआ जिसमे 12-9 के स्कोर से स्पोर्ट्स अकादमी ने जीत हासिल किया तत्पश्चात इस कार्यक्रम में ओलंपिक खेल को ले कर मौखिक रूप से सवाल जवाब की प्रतियोगिता रखी गयी । वही जितने भी खिलाड़ी जिला स्तर , राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में खेले हुए है सभी को मुख्य अतिथि जिला परिषद के उपाध्यक्ष माननीय संयुक्ता देवी और समाज सेवी भोला चौधरी द्वारा सभी खिलाड़ी को सम्मानित किया गया वही स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक सैयद जुन्नू रैन जी ने कहा की खेल मानव जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है साथ ही सभी लोगो को अपने शारीरिक स्वास्थ्य के लिए कुछ न कुछ करना चाहिए आज हमारे अकादमी से बहुत सारे खेल की दुनिया से अच्छी उपाधि पर नौकरी कर रहे जिससे मैं बहुत प्रेरणा ले कर हर वक्त खिलाड़ी को बनाने में उनको उनके मंजिल तक पहुंचाने में तत्पर खड़ा रहता हूं। साथ ही जुन्नु रैन ने सभी खिलाड़ी को माला पहना कर सम्मानित किया और मिठाई खिला कर और बहुत सारे उपहार बांट कर उनको आगे बढ़ने की राह दिखायी।

